दिनांक—27.08.2024 समय—7.10एएम

प्रादेषिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :—

- चिकित्साकर्मियों की सुरक्षा पर गठित राष्ट्रीय कार्यबल की पहली बैठक।
- प्रदेश में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर देर रात तक हुए आयोजन। मुख्यमंत्री ने कई कार्यक्रमों में लिया हिस्सा।
- देश की पहली बिना बुना कपड़ा बनाने की निर्माण इकाई का आज भोपाल में भूमिपूजन।
- प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी। 4 जिलों के लिए ओरेंज अलर्ट।

चिकित्साकर्मी—राष्ट्रीय कार्यबल—बैठक

चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा और उनके कामकाज की स्थितियों के संबंध में सिफारिशें करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय की ओर से गठित राष्ट्रीय कार्यबल की आज पहली बैठक होगी। सूत्रों के अनुसार यह बैठक नई दिल्ली में होगी। भारत सरकार के कैबिनेट सचिव बैठक की अध्यक्षता करेंगे। केंद्रीय गृह सचिव, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अध्यक्ष, सर्जन वाइस एडमिरल आर सरीन, सहित अन्य इस कार्य बल के सदस्यों में शामिल हैं।

गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता के आर जी कर अस्पताल की एक डाक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल का गठन किया था। सर्वोच्च न्यायालय ने इस कार्यबल को तीन सप्ताह में अपनी अंतरिम रिपोर्ट और दो महीने के अंदर अंतिम रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

जन्माष्टमी पर्व—मुख्यमंत्री

प्रदेश में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व कल देर रात तक मंदिरों में मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रात्रि में उज्जैन के गोपाल मंदिर पहुंचकर द्वारकाधीश भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए। दर्शन के बाद उन्होंने शहर सहित प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी। राज्यसभा सांसद बाल योगी उमेशनाथ जी महाराज, सहित अन्य गणमान्य नागरिक तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप कृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास एवं उमंग से मनाया गया। मुख्यमंत्री श्रीकृष्णा मित्रविंदा मंदिर भी गए, भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षास्थली सांदीपनी पहुंचकर मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर आयोजित महाआरती में भी शामिल हुए। जन्माष्टमी का पर्व भोपाल केंद्रीय जेल में भी मनाया गया जिसमें मुख्यमंत्री शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जेल में 4 नई बैरक के भूमि—पूजन सहित प्रदेश की विभिन्न जेलों में विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें उप जेल तराना, केंद्रीय जेल नर्मदापुरम और उप जेल डबरा, केंद्रीय जेल नरसिंहपुर के विकास कार्य शामिल है। जिला जेल पन्ना में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। यहां झांकी का आयोजन भी किया गया। बंदियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।

जन्माष्टमी—प्रदेश

सस्कृति विभाग द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रदेश के 16 स्थानों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व का आयोजन किया गया। भगवान परशुराम की जन्म स्थली, महू के जानापाव में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इंदौर जिले में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का महापर्व शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में पूर्ण उत्साह, आनंद, आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। स्कूलों में भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों, सिद्धांतों और उनके जीवन दर्शन के बारे में बच्चों को व्याख्यान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य विभिन्न माध्यम से बताया गया।

बालाघाट नगर स्थित वार्ड–16 में 150 वर्ष पुराने मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहाँ न सिर्फ सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थियों ने भजन सुनाए। मंदसौर के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित एक दिवसीय समारोह में बैतूल के अर्जुन बाघमारे एवं साथी कलाकारों ने गोंड जनजाति ठाठ्या नृत्य की प्रस्तुति दी, तो जबलपुर की संजो बघेल एवं साथी कलाकारों ने भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी। भोपाल, इंदौर जबलपुर ग्वालियर, नर्मदापुरम, आगरमालवा, खरगोन, खंडवा, धार, नीमच सहित प्रदेश के अन्य शहरों से जन्माष्टमी पर्व मनाए जाने के समाचार मिले हैं।

भोपाल कंपनी

राजधानी भोपाल के अचारपुरा ओद्योगिक क्षेत्र में देश की पहली बिना–बुने फेब्रिक की निर्माण इकाई लगाई जा रही है जो, जो कि ग्रीन औद्योगिकरण के कीर्तिमान स्थापित करेगी। प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनी टीडब्यूई–ओबीटी 126 करोड़ रूपये की बिना बुना कारपेट, रग्स आदि उत्पाद बनाने की इस इंडस्ट्री का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अचारपुरा में भूमि–पूजन करेंगे। इंडस्ट्री से 250 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। यह 38 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में स्थापित हो रही है और सितंबर 2025 से उत्पादन शुरू हो जायेगा। इससे 230 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त होगा। इस इंडस्ट्री से केन्द्र सरकार के राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएसएम) में काम आने वाले कई उत्पादों की आपूर्ति होगी।

बारिश/मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। बारिश की वजह से कई नदी–नाले उफान पर हैं। मौसम विभाग ने आज बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ और धार जिलों के लिए भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही कई अन्य जिलों के लिये येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इस बीच प्रदेश में कई स्थानों पर हुई भारी बारिश से बांधों के गेट खोले गए हैं। आगरमालवा जिले में निरंतर हो रही बारिश से कुण्डालिया डेम में जल भराव की स्थिति को देखते हुए 6 गेट खोले गए। जिले में अब तक 35 इंच से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। पन्ना में कल रात से भीषण वारिश हो रही है।जिससे एक बार फिर नदी नाले उफान पर आ गए है। शिवपुरी जिले में बीते 2 दिन से लगातार बारिश का क्रम जारी है। इसी बीच सिंध नदी में पानी बढ़ने के बाद मणिखेड़ा डैम के चार गेट खोले गए हैं। पिछले 2 साल के बाद इस बार गेट खोल खोले गए हैं। खंडवा में ऊपरी क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के चलते इंदिरा सागर बांध के आठ गेट खोले गए हैं। इसके साथ ही ओंकारेश्वर बांध के सात गेट खोले गए हैं। शहडोल जिले में लगातार हो रही बारिश की वजह से नदीनाले उफान पर हैं। सोन नदी पर बने बहुउद्देश्यीय बाणसागर बांध लबालब भर चुका है। बांध के दो गेट खोल दिए गए हैं।

जम्मू कश्मीर सूची–कांग्रेस/भाजपा

कांग्रेस पार्टी ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए अपने नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की है। पार्टी ने गुलाम मोहम्मद मीर को दूरू और शेख रियाज को डोडा से प्रत्याशी बनाया है। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी ने 16 प्रत्याशियों की संशोधित सूची जारी की। पार्टी ने पंपोर से सैयद शौकत गयूर अंद्राबी, शोपियां से जावेद अहमद कादरी, किश्तवाड़ से शगुन परिहार, को टिकट दिया है। इससे पहले पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए 44 प्रत्याशियों की सूची जारी की थी, जिसे बाद में वापस ले लिया गया।

जम्मू कश्मीर में 18 सितम्बर से तीन चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे। नब्बे सदस्यों वाली विधानसभा की मतगणना चार अक्तूबर को होगी।

पेंशन मंत्रालय–लोक शिकायत प्रणाली

केंद्र सरकार ने लोक शिकायतों के समयबद्ध, सुगम और सार्थक तरीके से निवारण के उद्देश्य से व्यापक दिशा–निर्देश जारी किए हैं। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने कहा है कि सार्वजनिक शिकायतों के प्रभावी तरीके से निवारण के लिए जारी किए गए दिशा निर्देश आम नागरिकों को सशक्त करेंगे, इस प्रक्रिया को सरल और कारगर बनाएंगे इसमें अधिक स्पष्टता लाएंगे।

आम नागरिक अपनी शिकायतें www.pgportal.gov पर दर्ज कर सकते हैं। यह पोर्टल शिकायतों के निपटारे के लिए सिंगल विंडो सुविधा के रूप में कार्य करेगा। निपटाई गई शिकायतों के बारे में जानकारी लोगों को एसएमएस और ईमेल से भेजी जाएगी।

केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली के पोर्टल CPGRAMS ने वर्ष 2022 से 2024 के दौरान लगभग 60 लाख सार्वजनिक शिकायतों का निवारण किया। पिछले दिशा–निर्देशों के तहत शिकायत निवारण की समयसीमा 30 दिन थी, जिसे अब घटाकर 21 दिन कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री–अमरीका राष्ट्रपति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडेन से फोन पर बातचीत की और यूक्रेन की स्थिति सहित क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। अमरीका के राष्ट्रपति ने श्री मोदी को टेलीफोन किया था। उनसे वार्ता में श्री मोदी ने लोकतंत्र, विधि सम्मत शासन और दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत संबंधों के साझा मूल्यों पर आधारित भारत–अमरीकी व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता की सराहना की। श्री मोदी और राष्ट्रपति बाइडेन ने अन्य कई और मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी जिले में राजस्व महाअभियान 2.0 अंतर्गत पटवारियों की समीक्षा के दौरान प्रगति कम पाए जाने के कारण तहसील शिवपुरी के तीन पटवारी को निलंबित किया है।
- मुरैना जिले की अम्बाह तहसील के भिडोसा गाँव में अमर शहीद सम्मान सेवा संघ के सदस्यों ने शहीद कल्याण सिंह तोमर शौर्य चक्र की स्मारक पर पहुंचकर एक पेड़ शहीदों के नाम के तहत वृक्षारोपण किया।
- खंडवा में वाल्मीकि समाज द्वारा गोगा नवमी पर्व के दिन अलग–अलग आकर्षक धार्मिक स्वरूप में निर्मित झांकी के रूप में छड़ियों की शोभायात्रा धार्मिक उत्साह के साथ आज निकाली जाएगी।
- शहडोल जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आईईसी अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 10 सितम्बर तक चलेगा। अभियान के तहत जिले से लेकर ग्राम पंचायत का मैदानी अमला बैगा बसाहटों में जाकर शासकीय योजनाओं की जानकारी देगा।
- रतलाम के कालूखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम लसूड़ियानाथी से 8 दिन पहले गायब हुई मासूम का शव मिल गया है। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

....................................